10/02/2026

आकाशवाणी ईटानगर

मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने कल अपर सुबनसिरी जिले के दूर-दराज के सीमावर्ती इलाकों में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के उद्देश्य से ताकसिंग और नाचो-कोदुखा-लिमेकिंग इलाके में उनतीस प्रियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए बारह अन्य खास विकासात्मक परियोजना की नींव रखी। उन्होंने सारी ताकसिंग गाजांग शेडुप दार्गेलिंग मॉनेस्ट्री का भी उद्घाटन किया और घोषणा की है कि ताकसिंग को एक ऐतिहासिक एवं धार्मिक पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेना और केंद्र सरकार से सलाह करके, तीर्थयात्रा को रेगुलेटेड तरीके से फिर से शुरू करने की कोशिशें की जा रही हैं। श्री खांदू ने कहा कि बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर होने के बाद, ताकसिंग में कैबिनेट आपके द्वार बैठक का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने नाह वेलफेयर सोसाइटी द्वारा दिए गए सिक्स-पॉइंट मेमोरेंडम में उठाए गए मुद्दों की जांच करने और ताकसिंग और कोदोका इलाकों के लिए एक खास परियोजनाओं के ज़रिए मामलों को हल करने का आश्वासन भी दिया।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के पाके केसाङ जिले और असम के बिश्वनाथ जिले के बीच बाउंड्री पिलर का निर्माण कार्य शुरू हुआ। दोनों राज्यों के अधिकारी और केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों के तौर पर सर्वे ऑफ इंडिया के अधिकारी निर्माण स्थल पर मौजूद रहें। विधायक पाके केसांग एवं राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बियुराम वाहगे ने एक

सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह कदम लंबे समय से चल रहे अंतर राज्य सीमा विवाद को सुलझाने के तहत साइन किए गए लैंडमार्क मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग के बाद हुआ, जिससे दोनों पड़ोसी राज्यों के बीच शांति, सद्भाव और सहयोग को और बढ़ावा मिलेगा।

0000000000000000000000

सेफर इंटरनेट डे 2026 के अवसर पर देरा नातुङ गवर्नमेंट कॉलेज, ईटानगर में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र - NIC और कॉलेज द्वारा संयुक्त रूप से एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इंटरनेट और नई डिजिटल तकनीकों, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, के सुरक्षित, जिम्मेदार और नैतिक उपयोग को बढ़ावा देना था। DNGC के प्रिनसिपल डॉ. एम. क्यू. खान ने इंटरनेट के जिम्मेदारी और समझदारी से उपयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से डिजिटल दुनिया और वास्तविक जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि इंटरनेट सशक्तिकरण का माध्यम बना रहना चाहिए, नियंत्रण का नहीं।

0000000000000000000000

9वीं जिला टास्क फोर्स फॉर इम्यूनाइजेशन - DTFI की समीक्षा बैठक सह चौथी तिमाही बाल मृत्यु समीक्षा - CDR और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की अन्य गतिविधियों की बैठक आज नामसाई जिला सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई।

बैठक में DTFI के अध्यक्ष सह उपायुक्त नामसाई सी. आर. खाम्पा ने कमियों की पहचान कर उन्हें दूर करते हुए समग्र प्रदर्शन बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस की समन्वय बैठकें तय समय पर आयोजित की जाएं। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक टास्क फोर्स - BTFI की बैठकें संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों की अध्यक्षता में नियमित रूप से आयोजित हों, ताकि योजनाओं का प्रभावी पालन और क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

0000000000000000000000000

आज वर्ल्ड पल्सेस डे मनाया जा रहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री चोउना मेन ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि, वर्ल्ड पल्सेस डे पर, सभी पोषण सुरक्षा, जैविक खेती और किसानों की आजीविका सुनिश्चित करने में दालों की भूमिका को और बढ़ावा दें। प्रोटीन और ज़रूरी पौषक तत्वों से भरपूर दालें स्वस्थ आहार और लचीली कृषि प्रणाली के लिए ज़रूरी हैं। इस अवसर पर श्री मेन हरित भविश्य के लिए सभी से पल्सेस की खेती और इस्तेमाल को बढ़ावा देने का आहवान किया।

0000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी किया है कि तवांग, ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, कुरुंग कुमे, अपर सियांग, दिबांग वैली, अपर सुबनसिरी और शी योमी जिलों में अलग-अलग स्थानों पर बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात होने की संभावना है।

0000000000000000000000000

स्पीयर कॉर्प्स की स्पीयरहेड डिवीजन ने सियांग वैली स्कूल, तूतिंग के इक्कीस विद्यार्थियों और तीन शिक्षकों के लिए 'सीमा दर्शन' नाम से एक शैक्षिक और अनुभवात्मक भ्रमण का आयोजन किया। प्रतिभागियों ने केपांग ला पास का दौरा किया और नव निर्मित सियांग सूर्य स्थल पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की। इस पहल से विद्यार्थियों में अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा मिला और स्थानीय विरासत के प्रति गर्व की भावना मजबूत हुई। साथ ही गैलिंग क्षेत्र को सीमा, धार्मिक, इको-टूरिज्म, साहसिक और सांस्कृतिक पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित करने की संभावनाओं को भी उजागर किया गया तथा इसके नाजुक पर्यावरण को सुरक्षित रखने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

0000000000000000000000000

भारतीय सेना ने स्पीयर कॉर्प्स के अंतर्गत ऑपरेशन सद्भावना के तहत अपर सियांग जिले के तूतिंग में महिला कल्याण समिति द्वारा संचालित 40 वर्ष पुराने किंडर गार्टन स्कूल का नवीनीकरण कर उसका पुनः उद्घाटन किया।

यह विद्यालय नर्सरी से कक्षा पाँच तक के 200 से अधिक विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करता है। यह स्कूल अनाथ और जरूरतमंद बच्चों के लिए एक सुरक्षित और स्नेहपूर्ण आश्रय भी है, जहां उन्हें निःशुल्क शिक्षा मिलती है। लगभग 70 बच्चे स्कूल के छात्रावास में रहते हैं। नवीनीकरण के बाद यह किंडर गार्टन स्कूल अब सेना और स्थानीय समुदाय के सहयोग का प्रतीक बन गया है।

0000000000000000000000000

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ नमस्कार!